प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 06 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी श्रृंखला में स्टील डिस्ट्रीब्यूशन पर आधारित प्रतिष्ठित रोजगारपूरक संगठन के रूप में भारत की प्रमुख टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड संचालन और वाणिज्यिक उपस्थिति के साथ दुनिया के सबसे भौगोलिक रूप से विविध इस्पात उत्पादकों में से एक है। टाटा स्टील समूह 65,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ पांच महाद्वीपों में फैला हुआ है। जहां भारत का 20 प्रतिशत इस्पात तैयार होता है। कम्पनी द्वारा सेवायोजन परामर्श निदेशालय में आकर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्य ार्थियों का साक्षात्कार के आधार पर 04 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग रू. 6.00 लाख प्रतिवर्ष पैकेज देय होगा।

इसी क्रम में भारत के ग्रामीण परिवारों के साथ काम करने वाली प्रदान (प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन) जो देश के सात सबसे गरीब राज्यों में प्रदान पेशेवर वंचित समुदायों के साथ जुड़कर उन्हें गरीबी से बाहर निकलने और सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करते हैं। ग्रामीण परिवारों की आजीविका में सुधार और उनकी प्रगति को बनाए रखने के लिए सेवायोजन परामर्श निदेशालय में आकर विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों का साक्षात्कार किया जिसमें से 04 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग रू. 65,0000 प्रतिमाह पैकेज अन्य सुविधाओं के साथ देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।